Request to set up a Central Government funded Mega Food Park in Kishangarh Parliamentary Constituency

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : महोदया, मैं बिहार के सीमांचल किशनगंज से आता हूँ । वहां हर तरह की सब्जी और फल होते हैं, लेकिन बाजार नहीं होने के कारण किसानों को बहुत ही सस्ते दामों पर अपनी उपज बेचनी पड़ती हैं । फल और सब्जी ही नहीं, वहां जूट और चाय की भी खेती होती है, वहां के किसान इससे जुड़े हुए हैं । लेकिन सरकारी मदद नहीं होने के कारण वहां से लोगों को पलायन करना पड़ता है । इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस पॉप्युलेशन के ज़रिए यह बताया गया है कि बिहार में 50 परसेंट से ज्यादा हाउसहोल्ड अपने स्टेट से बाहर काम करने जाते हैं । हमारे यहां लगभग 80 परसेंट लोग, हर परिवार से एक या दो लोग, बाहर जाते हैं । मेरी गुज़ारिश है और वैसे भी वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के अंडर किशनगंज के पाइनेप्प्ल को दिया गया है । वहां पाइनेप्पल की बहुत खेती होती है । पूरे हिन्दुस्तान में पाइनेप्पल वहां से जाता है, लेकिन हमें सही प्राइस नहीं मिल पाती है । मेरी गुज़ारिश है कि इन हालातों को देखते हुए और सरकार कहती भी है ? वोकल फोर लोकल । अगर सरकार की यह बात सही है तो मेरी गुज़ारिश होगी कि इस सरकार के ज़रिए सेंट्रल गवर्नमेंट फण्डेड मेगा फूड पार्क वहां बनाया जाए ताकि हमारी क्रॉप की मुनासिब कीमतें मिल पाएं । इसके अलावा, स्टेट से जो माइग्रेशन हो रहा है, वह रुक पाए और लोगों को जॉब्स मिल पाए । यह हमारी गुज़ारिश है, बहुत-बहुत शुक्रिया ।